विधान सभा सचिवालय

मध्यप्रदेश

समाचार

विधान सभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रदेशवासियों को दीं होली की शुभकामनाएं

भोपाल, दिनांक 2 मार्च, 2026

मध्यप्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष माननीय श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने होली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

श्री तोमर ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि होली का त्योहार प्रमुख रूप से रंगोत्सव, भाई-चारा एवं सामाजिक एकता को बढ़ाने वाला त्योहार है। पौराणिक कथा के अनुसार होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई एवं विजय का त्योहार भी है जिसमें होलिका दहन के माध्यम से बुराई के अंत का जश्न मनाया जाता है। हिंदू धर्म प्रेमी आपस में रंग गुलाल लगाकर आपसी भाई-चारे को मजबूत कर सनातन धर्म, अनेकता में एकता, भारतीय संस्कृति तथा परंपराओं को जीवंत बनाये रखते हुए इस त्योहार को पूरे हर्षोल्लाह से मनाते हैं। श्री तोमर ने पुनः बधाई देते हुए कहा कि हमारे मध्यप्रदेश में सर्वत्र खुशी का वातावरण रहे तथा चहुंओर विकास की राहों पर प्रदेश निरंतर अग्रसर रहे।

विस/जसं/26

नरेंद्र मिश्रा

अवर सचिव